समाचार

राजस्व मंत्री करेंगे पौनी पसारी बाजार का लोकार्पण

(योजना के हितग्राहियों को प्रदान करेंगे आबंटन पत्र)

कोरबा 07 अगस्त 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 08 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे इतवारी बाजार कोरबा में पौनी पसारी योजनांतर्गत निर्मित शेड चबूतरा का लोकार्पण करेंगे तथा संबंधित हितग्राहियों को चबूतरों का आबंटन पत्र प्रदान करेंगे। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा की जाएगी तथा इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण विशिष्ट रूप से उपस्थित रहेंगे। परम्परागत व्यवसाय को बढ़ावा देने तथा इनसे संबंधित व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों को सर्वसुविधायुक्त स्थल उपलब्ध कराने हेतु शासन की पौनी पसारी योजनांतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा इतवारी बाजार कोरबा में 30 चबूतरों एवं शेड का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के करकमलों से सम्पन्न होगा।

12 बजे हरेली त्यौहार में शामिल होंगे– राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में 08 अगस्त दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर परिसर भवानी मंदिर के समीप हरेली तिहार का आयोजन रखा गया है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे।